Website : www.fgc.edu.in E-mail : ferozegandhicollege@yahoo.in

FEROZE GANDHI COLLEGE

Kutchery Road, Rae Bareli - 229001 (U.P.)

(A Post-graduate College associated with the University of Lucknow)

NAAC Accreditation Grade 'A'

क्रमांक- 465 20/2024 दिनांक 15.06.2024

सूचना

ऑनलाइन प्रवेश आवेदन 2024–25

1. फीरोज़ गांधी कालेज, रायबरेली में शैक्षणिक सत्र 2024–25 की अध्ययन कार्यक्रमों में प्रथम सेमेस्टर की कक्षाओं में विद्यार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन मोड पर सम्पादित की जानी है।

2. स्नातक (बी0ए0 / बी0एस0–सी0, बी0काम0), प्रथम सेमेस्टर 2024–25 कक्षाओं के प्रवेशार्थी महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट https//fgc.edu.in के ऑनलाइन एडमिशंस (Online Admissions) पोर्टल पर जाकर तथा निर्धारित पंजीकरण शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करके, प्रवेश फार्म ऑनलाइन भर सकते हैं तथा ऑनलाइन भरे हुए प्रवेश फॉर्म की प्रिंट आउट प्रति महाविद्यालय में जमा करके, प्रॉस्पेक्टस की हार्ड कॉपी प्रति महाविद्यालय से निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं।

3. **स्नातक (बी0ए0 / बी0एस0–सी0, बी0काम0), प्रथम सेमेस्टर 2024–25 कक्षाओं के जो प्रवेशार्थी ऑनलाइन प्रवेश आवेदन फार्म भरने में कठिनाई का सामना कर रहे हैं उनकी सहायता के लिए ऑनलाइन प्रवेश फार्म भरने में प्रवेशार्थियों की सहायता के लिए, महाविद्यालय के पुस्तकालय में एक हेल्पडेस्क स्थापित की गयी है जो दिनांक 18.06.2024 से कार्य करने लगेगी। प्रवेशार्थी महाविद्यालय के पुस्तकालय में ऑनलाइन प्रवेश आवेदन हेल्पडेस्क पर पहुंचकर, महाविद्यालय की आधिकारिक वेबवाइट (https//fgc.edu.in) के ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल पर प्रवेश फार्म भर सकते हैं।**

4. **प्रत्येक कार्य दिवस के दिन महाविद्यालय में ऑनलाइन प्रवेश हेल्पडेस्क कार्य करने का समय 10:30 पूर्वान्ह से 01:30 अपरान्ह तथा 02:30 बजे अपरान्ह से सायं 04:30 तक रहेगा।**

5. **ऑनलाइन प्रवेश फार्म भरने के लिए महाविद्यालय की हेल्पडेस्क पर विद्यार्थियों को अपने आधार कार्ड, हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट परीक्षाओं के अंकपत्रों, जाति प्रमाण पत्र, अभिभावक का आय प्रमाण पत्र लखनऊ विश्वविद्यालय के LURN पंजीकरण प्रमाण पत्र की मूल अथवा फोटो प्रतियों के साथ आना है। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों के पास एक मोबाईल नं0 तथा ई–मेल आई0डी0 होना आवश्यक है।**

6. वैकल्पिक रूप से, प्रवेशार्थी, महाविद्यालय के प्रवेश काउंटर से, प्रवेश फार्म एवं प्रॉस्पेक्टस की हार्ड कॉपी निर्धारित शुल्क का भुगतान करके प्राप्त कर सकते हैं तथा महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल पर जाकर, निर्धारित सूचना भरकर, ऑनलाइन प्रवेश फार्म निःशुल्क भर सकते हैं।

15/6/24

(प्रो0 मनोज कुमार त्रिपाठी)
प्राचार्य
Principal
Feroze Gandhi College
Rae Bareli-(U.P.)